<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to set up a Mega Food Park/Food Processing Unit in Mainpuri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - Laid.

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी): मैनपुरी जिला (उत्तर प्रदेश) की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है जिसकी आय का मुख्य स्रोत कृषि कार्य है। मैनपुर जिले में आलू, लहसून, गेहूँ, चना, मक्का आदि की खेती प्रमुखता से की जाती है। किन्तु इन उत्पादों के उचित रख-रखाव और संग्रहण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अधिकांशतः फसल बर्बाद हो जाती है जिससे किसानों का काफी नुकसान होता है।

मेगा फूड पार्क की स्थापना से हमारे अन्नदाता किसान को उनकी मेहनत का पूरा लाभ तो मिलेगा ही, कृषि उत्पादों का नुकसान होने से भी बचाया जा सकेगा। इसके साथ ही विभिन्न कृषि उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से आसानी से एवं सुरक्षित रूप से निर्यात हो सकेगा और क्षेत्र के गरीब किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। इससे सिर्फ किसानों को ही लाभ नहीं मिलेगा बल्कि यहाँ के अन्य शिक्षित बेरोजागार युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और रोजगार का सृजन होगा।

अतः सरकार से मेरी माँग है कि मैनपुरी जिले के किसानों के कल्याण हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र में मेगा फूड पार्क एवं प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाए।